के दौरान सरकार ने 63 प्राथमिक स्कूलों को खोलने, 38 प्राथमिक स्कूलों का स्तर मिडिल स्कूल तक करने, 38 मिडिल स्कूलों का स्तर हाई स्कूल तक करने तथा 29 हाई स्कूलों का स्तर उच्चतर माध्यमिक स्कूल तक करने की अधिसूचना जारी की थी । इन स्कूलों में से केवल एक राजपूतान वडेहरा नामक उच्चतर माध्यमिक स्कूल ऊना जिले में आंशिक रूप से कार्य कर रहा है ।

इन स्कूलों को खोलने तथा स्तरोन्नत करने की योजना के अंतर्गत पंचायतों तथा स्थानीय निकायों को भवन उपलब्ध कराने अपेक्षित हैं और केवल तभी ये स्कूल कार्य कर सकने की स्थिति में होंगे ।

Non-Fulfilment of Reserved Seats in Sangeet Natak Akademi

1342. SHRI VISHNU KANT SHASTRI :
SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR :

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that several posts reserved for SC/ST in Sangeet Natak Akademi have not been filled; and

(b) if so, the reasons therefor ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : (a) and (b) In the Sangeet Natak Akademi, out of the total sanctioned strength of 123 posts, 16 posts are filled by SC and two posts by ST. Seventeen posts, including two reserved for SC/ST, are lying vacant in the Akademi, mainly due to financial constraints.

पटना से दिल्ली संग्रहालय में चित्रों का लाया जाना

1343. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार सुप्रसिद्ध चित्रकार स्वर्गीय श्री उपेन्द्र महारथी के चित्रों को पटना से दिल्ली लाने तथा उन्हें यहां संग्रहालय में रखने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) प्रस्ताव विचाराधीन है ।

पाठ्य पुस्तकों का तैयार किया जाना

1344. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पाठ्य पुस्तकों का राष्ट्रीयकरण करने का विचार रखती है ताकि उन्हें केन्द्रीय निर्देशानुसार तैयार किया जा सके;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) पाठ्य पुस्तकें तैयार करने संबंधी कार्य किन-किन सरकारी अभिकरणों को सौंपा गया है और इस संबंध में पिछले तीन वर्षों के दौरान उनकी क्या-क्या उपलब्धियां रहीं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) सरकार का देश भर में स्कूल स्तर पर पाठ्य पुस्तकों के